हिमाचल प्रदेश विधान सभा

विधान सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 28 अगस्त, 2015 को माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में कौंसिल चैम्बर, शिमला-171004 में 11.00 बजे पूर्वाहन आरम्भ हुई।

शोकोद्गार

28.08.2015/1100/TCV/DC/1

अध्यक्षः बड़े दुख की बात है कि हमारे साथी और भाजपा के सदस्य श्री रामदास मलांगड़ आज हमारे बीच में नहीं हैं। माननीय मुख्य मंत्री स्व0 श्री रामदास मलांगड़, पूर्व सदस्य/उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निधन पर शोकोद्‌गार प्रस्तुत करेंगे।

Chief Minister: Mr. Speaker Sir, I wish to inform the Hon'ble House that Shri Ram Dass Malangar former Deputy Speaker of this House died this morning in hospital. He died from heart attack at 10.00 a.m. today in Una. He was born at village Amrehra, Tehsil Bangana, District Una on 20th August, 1947. He studied up to Matriculation. He started his political career as President, Gram Panchyat, Malangar, Distt. Una. He was elected to Himachal Pradesh Vidhan Sabha in 1993 and re-elected in 1998. He remained Deputy Speaker of this House from 20thAugust,1999 to 20th January, 2003.

Shri Ram Dass Malangar was a very simple person and totally dedicated to the welfare of the people. He worked for the upliftment of the weaker sections of the society. With his death, we have lost a seasoned politician, a gentleman and a man who always stood by the poor and down trodden people. I pay my heartiest condolences to his family members and pray to Almighty to give peace to the departed soul.

Concluded.

28.08.2015/1100/TCV/DC/2

प्रो0 प्रेम कुमार धूमलः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आज सदन में आते ही यह दुखद समाचार सुनने को मिला। श्री मलांगड़ जी इस माननीय सदन के दो बारे सदस्य रहे और ---

श्रीमती एन0एस0 --- जारी

28.08.2015/1105/NS/DC/1

प्रो. प्रेम कुमार धूमल -----क्रमागत।

श्री मलांगड़ जी इस मान्य सदन के दो बार सदस्य रहे और उप-सभापति और उपाध्यक्ष के तौर पर भी इन्होंने काम किया। श्री राम दास मलांगड़ जी का आज प्रातःकाल निधन हो गया। यह संयोग ही था कि 20 अगस्त 1947 को इनका जन्म हुआ और 20 अगस्त 1999 को वह इस सभा के उपाध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपना जीवन पंचायत के प्रधान के तौर पर राजनीतिक जीवन प्रारम्भ किया। वह सरल और सादा व्यक्तित्व के धनी थे। समाज सेवा में रूचि रखते थे। उनका अचानक निधन हुआ है। शोक संत्पत परिवार के प्रति मैं दल की ओर से संवेदना प्रकट करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

श्री कुलदीप कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज सुबह-सुबह जब मैं माननीय मुख्य मंत्री जी के कार्यालय में गया तो एक बहुत दुःखद घटना सुनने को मिली कि हमारे जिला से श्री राम दास मलांगड़ जी का स्वर्गवास हो गया है। यह सुनकर विश्वास नहीं हो रहा था कि ऐसी दुर्घटना हुई है जैसा कि बताया गया। वह 1993 में विधानसभा के लिए दो बार चुने गए और 20 अगस्त को वह यहां डिप्टी स्पीकर के तौर पर भी चुने गए । हम 1993 से 1998 तक विधानसभा में इक्टठे रहे हैं। वह बहुत ही मिलनसार और सादा आदमी थे और आज वह 68 साल की उम्र में स्वर्गवास हो गए। संसार में आना-जाना तो सभी को है लेकिन उन्होंने मिलनसारी के तौर पर अपनी छाप छोड़ी है। हम सभी ऊना जिले की कांग्रेस कमेटी की ओर से और ऊना जिले के कार्यकर्ताओं की ओर से, विधायकों

की ओर से उनके प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी में भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वह उनको शक्ति दे और जो दिवंगत आत्मा है उनको भगवान शांति दे।

श्री सतपाल सिंह सत्ती : अध्यक्ष महोदय, आज जब सुबह हम आपके कार्यालय में उपस्थित थे तो एक दुःखद समाचार मिला कि इस माननीय सदन के दो बार

28.08.2015/1105/NS/DC/2

विधायक और डिप्टी स्पीकर रहे आदरणीय राम दास मलांगड़ जी हृदयघात के कारण प्रभू को प्यारे हुए हैं। उनका स्वर्गवास हुआ है। अध्यक्ष महोदय, यह ऊना जिले के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और अपने सौम्य स्वभाव के कारण सारे समाज में और सभी राजनीतिक दलों में उनको आदर की दृष्टि से देखा जाता था। बड़े इमानदार और हर व्यक्ति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देने वाले ऐसे व्यक्ति जो हमारे इस माननीय सदन के सदस्य रहे हैं आज हमारे बीच से चले गए हैं। मैं उनको अपने दल की ओर से , समस्त पार्टी की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले।

समाप्त।

श्री नेगी द्वारा ---------- जारी

28.08.2015/1110/negi/ag/1

श्री वीरेन्द्र कंवरः आदरणीय अध्यक्ष जी, आज सुबह ही दुःखद समाचार मिला कि हमारे क्षेत्र से 2 बार विधायक रहे , एक बार 1993 में और दूसरी बार 1998 में, श्री राम दास मलांगड़ जी का दुःखद देहान्त हुआ है। मैं अपनी ओर से, क्षेत्र की ओर से उनकी आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दें । मैं इसी के साथ उनको श्रद्धाजलि अर्पित करता हूं।

28.08.2015/1110/negi/ag/2

श्री रविन्द्र सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज सुबह ही, जैसे मेरे से पूर्व सभी वक्ताओं ने कहा, बहुत दुखदायी समाचार, जब हम आपके चैम्बर में थे तो वही पर आपके प्राईवेट सेक्रेटरी के माध्यम से मिला। बहुत दुःख का विषय है। मेरे साथ उनके बहुत नजदीकी संबंध रहे हैं । 1993 में हम दोनों पहली बार विधान सभा के सदस्य बन कर इस माननीय सदन में चुनकर आए थे। हमारा निवास भी एक जगह था। हम ग्रांड होटल के लिटिन ब्लॉक में इकट्ठे रहते रहे। लगातार 10 साल हमारा इकट्ठे आना और इकट्ठे जाना था। मेरे व मेरे परिवार के साथ उनका बहुत नजदीकी संबंध रहा। आज राम दास मलांगड़ जी हमारे मध्य नहीं रहे । मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को स्वर्ग में शांति प्रदान करें और उनके परिवार को, जो यह बहुत दुखदायी घटना घटी है, इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें, धन्यवाद।

28.08.2015/1110/negi/ag/3

श्री राकेश कालिया: अध्यक्ष महोदय, आज सुबह जब मैं हाऊस को आ रहा था तो रामदास मलांगड़ जी के एक रिस्तेदार मुझे मिले और उन्होंने मुझे बताया कि आज अचानक राम दास मलांगड़ जी की हृदयघात से मृत्यु हो गई है । वह 2 बार लगातार विधान सभा के सदस्य रहे और इस बार वह कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़े थे । मेरा भी उनसे 5-7 साल से बहुत अच्छी तरह से वास्ता रहा । वह बहुत ही सोबर व्यक्ति थे, बहुत मिलनसार व्यक्ति थे । लोग बताते थे कि कोई भी व्यक्ति किसी काम को ले कर जब उनके पास जाता था तो वह बियांड दि पार्टी यथासम्भव उसकी सहायता करने का प्रयास करते थे। वह बड़े मधुर भाषी थे और बहुत ही साधारण व्यक्ति थे । मैं ईश्वर से, मां चिंतपूर्णी से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले और मां चिन्तपूर्णी से प्रार्थना करता हूं कि उनके पीछे परिवार के जो लोग रह गये हैं उनको जो यह क्षति हुई है इसको सहने की शक्ति दें।

28.08.2015/1110/negi/ag/4

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज बड़े दुःख का समाचार मिला। माननीय मलांगड़ जी जो इस माननीय सदन के दो बार सदस्य व डिप्टी-स्पीकर रहे और आज कल मेरे साथ बोर्ड के डॉयरेक्टर थे । जैसे सबने बताया वह बहुत ही मिलनसार, सादे स्वभाव के व्यक्ति थे। वह पिछले हफ्ते ही मेरे पास आए थे और मुझे ऐसा कभी भी महसूस नही हुआ कि ऐसी स्थिति आएगी कि एक हफ्ते के अन्दर उनका देहान्त होगा और हम शोक प्रस्ताव रखेंगे। ऐसा व्यक्ति जिसने साधारण जीवन से इस माननीय सदन के डिप्टी स्पीकर तक का सफर तय किया और उस सफर में सबके साथ मिलकर सबको खुश रखने का प्रयास करते रहे। हमारे फूड एण्ड सिविल सप्लाई बोर्ड में उनकी बड़ी भूमिका रही और उनका बड़ा योगदान रहा। गाहे-बगाहे वह मुझे भी कई चीज़ों पर आगाह करते थे । उनकी जो यह मृत्यु से क्षति हुई है उसको तो कोई नहीं भर सकता लेकिन हम सारे उनके साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले, स्वर्ग में वास मिले और हम सब हिमाचल-वासी इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ हैं, धन्यवाद।

श्रीमती यू.के.द्वारा जारी.....

28.08.2015/1115/यूके/एजी/1

अध्यक्षः स्वर्गीय श्री रामदास मलांगड़, पूर्व सदस्य एवं उपाध्यक्ष के निधन पर जो उल्लेख सदन में प्रस्तुत किए गए हैं, उनमें मैं भी अपने आपको शामिल करता हूं तथा शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और इस माननीय सदन की भावनाओं को शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचा दिया जाएगा । अब मैं सभी सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे दिवंगत आत्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के लिए अपने-अपने स्थान पर एक मिनट के लिए मौन हेतु खड़े हो जाएं ।

(सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर मौन के लिए खड़े हुए ।)

28.08.2015/1115/यूके/एजी/2

प्रश्न काल आरम्भ

प्रश्न संख्या- 1819

श्री रणधीर शर्माः सर, वैसे तो यह पिछले सत्र का प्रश्न है कि कितने विदेशी प्रवास हमारे मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों बोर्डों/ निगमों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और ओ0एस0डी0 के हुए । लेकिन 5 महीने में भी यह सूचना एकत्रित नहीं हुई है । तो क्या मुख्य मंत्री जी आश्वासन देंगे कि अगले शीतकालीन सत्र तक यह पूरी सूचना विधान सभा में रखी जाएगी?

मुख्य मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, इस सूचना को कई सोर्सिस से एकत्रित किया जा रहा है। मैं मानता हूं कि सूचना को एकत्रित करने में देरी हुरी हुई है । अगले सैशन के अन्दर यह सूचना अवश्य रूप से सदन को दे दी जाएगी ।

28.08.2015/1115/यूके/एजी/3

प्रश्न संख्याः 2111

श्री रविन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय ,यह बड़ा छोटा सा प्रश्न है और इसमें कोई बड़े लम्बे समय की सूचना भी नहीं मांगी गयी है । केवल मात्र गत दो वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न मामलों की हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी हेतु प्रदेश के बाहर के कौन-कौन से अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है, ब्योरा नाम, पते सहित दिया जाए । यह सूचना कोई बड़ी लम्बी तो

होगी नहीं । इसमें अभी भी यही कहा जा रहा है कि सूचना एकत्रित की जा रही है । तो यह सूचना कब तक प्राप्त हो जाएगी ?

मुख्य मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, अगले सैशन के आरम्भ में ही यह सूचना एकत्रित करके सदन में रख दी जाएगी ।

28.08.2015/1115/यूके/एजी/4

प्रश्न संख्या- 2388

श्री पवन काजलः माननीय अध्यक्ष जी, जब पिछले विधान सभा सत्र में मैने माननीय मंत्री जी से यह प्रश्न किया था तो उन्होंने मुझे आश्वासन दिया था कि कांगड़ा की सीवरेज

एस0एल0एस0 द्वारा जारी-----

28.08.2015/1120/sls-as-1

प्रश्न संख्या : 2388...जारी

श्री पवन काजल...जारी

कि कांगड़ा का जो सीवरेज सिस्टम हैं, इसमें 3 जोन 1, 2 और 3 करके हैं। मैंने इनसे कहा था जोन-1 का कार्य लगभग 95% पूरा हो चुका है, इससे जनता ने कनैक्शन भी ले लिए हैं। जोन-3 से भी कनैक्शन दिए जा रहे हैं। जोन-2 में दर्शाया गया है कि इसका 69% काम पूरा हो चुका है। जब मैंने पिछली बार प्रश्न किया था तो आपने इसकी जांच के आदेश दिए थे। मेरी जानकारी के अनुसार यहां जो 1500 या 1800मीटर लंबी पाईप बिछी है, इसमें जो चैंबर बने हैं वह कहीं पाईप के नीचे तो कहीं ऊपर बन गए हैं। इसके लिए जांच की आवश्यकता थी। विभाग का यह उत्तर आया था कि यह सीवरेज कार्य 13 वर्षों से चला हुआ है और इसपर वर्ष 2015-16 तक12 . 33करोड़ रुपया ख़र्च होना है। जोन-2 की जो 1800 मीटर पाईप

है इसमें कनैक्टिविटी के लिए विभाग को1 . 52करोड़ रुपये की आवश्यकता है। जब मैंने इनसे पूछा था कि आप कब तक इसको in all respect पूरा कर देंगे, इन्होंने कहा था कि अगर 1. 52करोड़ रुपये का प्रावधान होगा तो इसको 31 दिसम्बर, 2016 तक पूरा कर दिया जाएगा। मैं माननीय मंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि क्या इस राशि का प्रावधान करेंगे और जो पिछले सत्र में आपने इस कार्य की जांच के आदेश दिए थे, वह जांच करेंगे?

शहरी विकास मंत्री : अध्यक्ष महोदय, पिछले सत्र में भी माननीय विधायक ने यह प्रश्न किया था। आपके प्रश्न के उपरांत, जो जोन-2 है, जिसके बारे में आपने कहा था कि न सही ढंग से पाईप ले की गई है और न चैंबर बने हैं ,इसकी जांच चल रही है। उसकी रिपोर्ट विभाग को अभी अपेक्षित है। आपने जो दूसरी बात की थी , इस कार्य को पूरा करने के लिए 1.52 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता थी। आप ही के अनुरोध पर हाल ही में विभाग ने यह राशि जारी कर दी है।

समाप्त

28.08.2015/1120/sls-as-2

प्रश्न संख्या : 2389

श्री गोविन्द राम शर्मा : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि शिक्षा विभाग में जो डैपुटेशन किए गए हैं ,उसमें कई डैपुटेशन ऐसे भी हुए कि जो लोग कंट्रैक्ट पर भी हैं ऐसे लोगों को लाहौल-स्पिति से रोहड़ू और कांगड़ा से शिमला डैपुटेशन पर भेज दिया गया है। माननीय मुख्य मंत्री जी, आपको पूरी पॉवर है, आप कर सकते हैं लेकिन जो डिस्ट्रिक्ट कॉडर की पोस्टें होती हैं उनको एक डिस्ट्रिक्ट से दूसरी डिस्ट्रिक्ट में ट्रांसफर करने के लिए भी उनका रैगुलर स्टे कम-से-कम 13 वर्ष होना चाहिए और उसमें भी केवल एक प्रतिशत् लोग ही ट्रांसफर किए जाते हैं। मेरा कहना केवल इतना है कि मैंने तो केवल शिक्षा विभाग के आंकड़े मांगे थे और आपने भी शिक्षा विभाग के ही दिए। लेकिन मेरे ही निर्वाचन क्षेत्र के अन्य विभागों के भी बहुत से ऐसे केसिज है जिनमें

डैपुटेशन हुए हैं। उसमें मुख्य मंत्री जी यह होता है कि जब आप डैपुटेशन कर देंगे तो जो व्यक्ति आपने काजा से रोहड़ू भेजा उसकी जगह काजा में आप दूसरा व्यक्ति पोस्ट नहीं कर सकते। ऐसे ही आपने जो व्यक्ति कांगड़ा से शिमला भेजा, उसकी जो कांगड़ा में पोस्ट खाली हुई उसकी जगह आप दूसरा व्यक्ति पोस्ट नहीं कर सकते ,वह खाली रह जाएगी। इससे अच्छा है कि कर्मचारी ट्रांसफर ही हो जाए। डैपुटेशन की प्रक्रिया से जो पद पीछे खाली हो जाता है उसको भरने में दिक्कत आ रही है। मैंने 'ख' भाग में आपसे निवेदन किया था कि क्या सरकार इन प्रतिनियुक्तियों को रद्द करने का विचार रखती है; यदि हां तो कब तक?

मुख्य मंत्री : अध्यक्ष महोदय, यह डैपुटेशन मेरी अनुमति से नहीं हुए हैं, मुझे इनकी कोई जानकारी नहीं है। ..

जारी .. श्री गर्ग द्वारा

28/08/2015/1125/RG/AS/1

प्रश्न सं. 2389---क्रमागत

मुख्य मंत्री : जो ये डेपुटेशन हुए हैं ये सरकार की अनुमति से नहीं हुए हैं और मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। जब आज यह प्रश्न आया, तो हमारे जो प्रधान सचिव(शिक्षा) हैं उनको मैंने कहा है कि **फौरन जितने भी डेपुटेशन हुए हैं, उनको निरस्त किया जाए। इन्होंने एक जगह का प्रश्न पूछा है, लेकिन सारे प्रदेश में इस प्रकार के जो डेपुटेशन हुए हैं उनको निरस्त किया जाए।**

प्रो. प्रेम कुमार धूमल : अध्यक्ष महोदक्ष, कल भी इस विषय पर यहां बहुत विस्तृत चर्चा हुई थी कि शिक्षा के गिरते हुए स्तर को कैसे इंप्रूव किया जाए और उसमें शॉर्टेज ऑफ टीचर्स की ही ज्यादा चर्चा आई थी। मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह सही है कि केवल स्कूल में,आपने रीजन भी दिया है कि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में कर दिया ,लेकिन यदि कोई नया विद्यालय खुला है, तो उसमें आपने डेपुटेशन पर भेजा है, लेकिन क्या यह आपके ध्यान में है कि 8 से 10 टीचर्स कई जिलों में उप निदेशक शिक्षा के कार्यालय में डेपुटेशन पर ऐडजस्ट किए गए हैं और उसके कारण स्कूल खाली पड़े हैं और उनको वहां कोई काम नहीं है। कल आपने घोषणा की कि इन्सपैक्शन के लिए इन्स्पैक्टर ऑफ

स्कूल्स लगाएंगे। यह बहुत अच्छा सुझाव है। वैसे तो जब उप निदेशक बनाए गए थे तब भी उद्देश्य यही था कि इन्सपैक्शन का काम बढ़े, लेकिन वह परपज सर्व नहीं हुआ, वे ट्रांसफर में ही रहते हैं। क्या माननीय मुख्य मंत्री जी आश्वासन देंगे कि जो लोग अपने स्कूल को छोड़कर अपनी सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर उप निदेशक कार्यालय में ऐडजस्ट हुए हैं और काम कुछ नहीं है ,उनको तुरन्त वापस भेजा जाएगा जहां-जहां वे लगे हैं?

मुख्य मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से पूर्णतः सहमत हूं और आज मेरे संज्ञान में यह बात आई है। मैंने तुरन्त प्रश्नकाल से पहले ही जो प्रधान सचिव(शिक्षा) हैं उनको बुलाकर ये आदेश दिए हैं ,यह तो शिमला जिले का प्रश्न था ,लेकिन मैंने कहा कि हर जिले में जो लोग बिना सरकार की अनुमति से इस प्रकार से **डेपुटेशन पर लगाए गए हैं, उन सबके आदेश निरस्त किए जाएं और जहां से आए हैं वहां वापस जाएं। आपने इन्सपैक्टोरेट की बात की है ,तो सरकार ने सैद्धान्तकि रूप से यह फैसला किया है कि हर जिले में एक इन्स्पैक्टर और एक डिप्टी इन्स्पैक्टर होगा ,लेकिन जो बड़े जिले हैं उनमें एक इन्स्पैक्टर और दो-तीन डिप्टी इन्सपैक्टर होंगे जिले के साईज को और वहां कितने स्कूल हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए**

28/08/2015/1125/RG/AS/2

और वे बिल्कुल अलग से होंगे, लेकिन they can check any school any time और इसी इन्सपैक्टोरेट को हम स्ट्रैन्थन करेंगे।

प्रो. प्रेम कुमार धूमल : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्य मंत्री जी के सुझाव का या इनके निर्णय का पहले ही स्वागत कर चुका हूं, लेकिन मेरे कहने का मतलब है कि जो डिप्टी डायरैक्टर है वह क्या करता है, वह कितने स्कूल इन्स्पैक्ट करता है, मल्टीप्लाई करना और इम्प्लॉयज की आज की और प्रदेश की जो आर्थिक स्थिति है उसमें और पद सृजित करके और लोगों को लगाने की अपेक्षा क्या आप उनकी डियुटी स्पेसीफाई करेंगे कि आप महीने में इतने स्कूल इन्स्पैक्ट करेंगे ही?

मुख्य मंत्री : अध्यक्ष महोदय, जो जिलों में हमारे उप निदेशक हैं वे प्रशासनिक कार्यों में ही बहुत बिजी रहते हैं ,पे-बिल्ज और अन्य कार्यों में ही वे लगे रहते हैं। उनके पास समय ही नहीं होता है कि वे बाहर जाकर इन्सपैक्शन करें। पहले

बिट्रिशकाल में इन्स्पैक्टोरेट अलग होता था। उसको हम दुबारा रिवाइव करना चाहते हैं ,उनका काम ही इन्सपैक्शन करना होगा। and they **अंग्रेजी**

श्री ईश्वर दास धीमान : अध्यक्ष महोदय, ये जो जे.बी.टी. एवं सी.एण्ड वी. का डिस्ट्रिक्ट कॉडर है क्या यह प्रतिनियुक्ति दूसरे जिले में हुई हैं और अगर ये प्रतिनियुक्तियां हुई हैं ऐसे तो कभी भी नहीं हुआ कि एक दूसरे जिले से दूसरे जिले को भेजकर कॉडर को ही बदल दिया जाए और जिन स्कूलों से ये प्रतिनियुक्तियां हुई हैं क्या उनमें स्टाफ पूरा है? क्या वहां अतिरिक्त अध्यापक काम कर रहे थे या वहां पर काम करते हुए लोगों को ही उठाकर ही दूसरी जगहों पर भेजा गया?------**जारी**

एम.एस. द्वारा जारी

28/08/2015/1130/MS/DC/1

प्रश्न संख्याः 2389 क्रमागत---श्री ईश्वर धीमान जारी----

और जिन स्कूलों से ये प्रतिनियुक्तियां हुई हैं, क्या उन स्कूलों में स्टाफ पूरा है? क्या वहां वे अतिरिक्त काम कर रहे थे या वहां काम करते हुए लोगों को ही उठाकर के दूसरी जगहों पर भेजा गया? क्या इस तरह से एक जगह को फायदा पहुंचाने के लिए दूसरी जगह नुकसान नहीं होता? इसलिए इसको तुरन्त बन्द और रद्द किया जाए। यह आश्वासन मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से चाहता हूं।

अध्यक्षः माननीय मुख्य मंत्री जी ने इसका जवाब पहले ही दे दिया है।

मुख्य मंत्रीः मैंने पहले ही कह दिया है कि ये प्रतिनियुक्तियां निरस्त की जाएंगी। अगर जहां से कोई प्रतिनियुक्ति पर गया था ,उसकी जगह कोई दूसरा स्टाफ आ गया तो इनको किसी दूसरी जगह फील्ड में भेजा जाएगा।

28/08/2015/1130/MS/DC/2

प्रश्न संख्या: 2390

श्रीमती आशा कुमारी: अध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न इसके साथ क्लब हो गया है। मेरा प्रश्न कॉन्स्टीच्यूएंसी स्पेसिफिक था। इस प्रश्न से उसका कोई लेना-देना ही नहीं था। मैंने तो प्रश्न यह किया था कि माननीय मंत्री महोदय ने डल्हौजी आकर एक वॉल्वो बस चलाने का आश्वासन दिया था। मेरा तो स्पेसिफिक प्रश्न था कि वह डल्हौजी से वॉल्वों बस कब तक चला दी जाएगी?

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री: अध्यक्ष जी, परिचालकों की कमी है जैसे ही परिचालक आ जाएंगे बस चला दी जाएगी।

श्रीमती आशा कुमारी: अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह रहे हैं कि परिचालकों की कमी है। अभी इन्होंने कांगड़ा के नगरोटा से चार वॉल्वो बसें चलाईं जो इन्होंने बाद में अनाऊंस की है। डल्हौजी वाली बस को अनाऊंस किए हुए तो एक साल से अधिक का समय हो गया है। तो क्या वहां वाले परिचालकों को भेजकर ये वहां बस चलाएंगे?

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री: अध्यक्ष महोदय, यह नगरोटा को बदनाम करने की साजिश है। वास्तव में वे हमीरपुर की बसें हैं। जो पुरानी बसें थीं वे नई बसों से रिप्लेस हुई हैं। परन्तु मैंने कहा है कि जल्दी-से-जल्दी हम कुछ बसें वैट लीजिंग पर ले रहे हैं। We will definitely consider Dalhousie and it is on top priority. अध्यक्ष जी, अगले 100 दिन के अंदर डल्हौजी वाली बस चालू कर देंगे।

अध्यक्ष: मंत्री जी टॉप प्रायोरिटी कब से शुरू हो रही है?

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री: सर, 100 दिन में हो जाएगी।

28/08/2015/1130/MS/DC/3

श्री कुलदीप कुमार: अध्यक्ष महोदय, मैंने प्रश्न किया था कि क्या सरकार चिन्तपूर्णी से दिल्ली और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के लिए वॉल्वो बसें चलाने का विचार रखती है? लेकिन मंत्री जी बड़े तेज-तर्रार मंत्री हैं। इन्होंने जवाब "हां" में दिया है। मैं पूछना चाहता हूं कि ये बसें कब तक चला दी जाएंगी और क्या ये भी टॉप प्रायोरिटी हैं या नहीं? क्योंकि यहां जवाब आ रहा है कि जो वॉल्वो बसें हैं वे सारी लाभ में हैं। चिन्तपूर्णी एक धार्मिक स्थल है और वहां पर बहुत श्रद्धालु आते हैं। इसलिए बसें काफी लाभ में होंगी। मैं जानना चाहता हूं कि कब तक यह टॉप प्रायोरिटी हमारी भी होगी?

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री: अध्यक्ष जी, शीघ्र ही करेंगे। जो हमने 100दिन के अंदर प्लान किया है, उसमें चिन्तपूर्णी-दिल्ली भी है। इसको भी 100 दिन के अंदर चलाएंगे। दूसरी पौंटा-दिल्ली, चामुण्डा-दिल्ली, डल्हौजी-दिल्ली और जोगेन्द्र-नगर दिल्ली; ये पांच बसें हम 100 दिन के अंदर चलाने का प्रावधान कर रहे हैं। टैण्डर किए हुए हैं और उसकी प्रक्रिया जारी है। जैसे ही यह हो जाएगा, इनको अति शीघ्र चलाएंगे। चिन्तपूर्णी के लिए वैसे भी हमारी महत्वपूर्ण योजना है कि जितने भी हमारे धार्मिक स्थल हैं ,उनको हम जैसे पौंटा-साहब चामुण्डा जी को चिन्तपूर्णी से जोड़ रहे हैं और जहां से ऑलरैडी जैसे धर्मशाला से बसें जाती हैं, वे वहां से क्रॉस होती हैं। अदरवाइज जहां-जहां नहीं हैं उनको जोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

श्री संजय रतन: अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जब इस सरकार के बनने के बाद ये परिवहन मंत्री बनकर पहली बार जिला कांगड़ा में आए थे और ज्वालामुखी में पहुंचे थे तो इन्होंने माता ज्वाला जी के दरबार में कहा था कि,

जारी श्री जे0के0 द्वारा----

28.08.2015/1135/जेएस/डीसी/1

प्रश्न संख्याः 2390-----**जारी**-------

श्री संजय रतनः-------**जारी**------

जब ये इस बार सरकार बनने के बाद परिवहन मंत्री बनकर पहली बार जिला कांगड़ा में आए थे और ज्वालामुखी पहुंचे थे तो इन्होंने माता ज्वालामुखी जी के दरबार में कहा था कि मैं ज्वालामुखी से दिल्ली के लिए वॉल्वो बस चलाऊंगा, परन्तु वह बस आज तक नहीं चली। इसके बाद इन्होंने हिमाचल प्रदेश में कितनी बसें चला दी हैं तो ज्वाला जी के साथ आप अन्याय क्यों कर रहे हैं? ज्वाला जी कितना धार्मिक स्थल है। पूरे विश्व से वहां पर लोग दर्शन करने के लिए आते हैं परन्तु पता नहीं परिवहन मंत्री जी ज्वाला जी के साथ क्यों भेद-भाव कर रहे हैं? मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि जो इनका 100 दिन का टारगेट है ,क्या उसमें ज्वाला जी शामिल है या उससे भी बाहर है?

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्रीः माननीय अध्यक्ष जी, भेद-भाव की बात नहीं है। यह जो साढ़े 11 करोड़ रूपये का जो प्रॉफिट है लोगों की बसें है उनसे ही लेते हैं और उन्हीं के लिए ही चलाते हैं। इसमें इन्टर स्टेट रूट्स की प्राब्लम आती है। इन्टर स्टेट के रूट जो हैं, अगर ये कहेंगें तो इनकी जब एक बस चलेगी तो दूसरी बस बन्द हो जाएगी क्योंकि इन्टर स्टेट रूट दूसरी स्टेट्स के साथ तय करके लेने पड़ते हैं। दूसरी जो बस जाती है उतने किलोमीटर मिलते हैं। इस डिपार्टमैंट में टेक्निकल प्राब्लम है मगर 180 दिन के एजैंडे में इनकी बस पक्की है। क्योंकि धार्मिक स्थलों को हम जोड़ रहे हैं तो ज्वालामुखी प्रायोरिटी पर है। अध्यक्ष जी, 100 दिन में ये 5 रूट हम पहले चालू करेंगे। अध्यक्ष जी, इन 5 रूटों के लिए मुझे 10 बसें चाहिए, एक आपने कह दिया तो आप अध्यक्ष हैं, एक बस वह चाहिए । इस तरह से मुझे 12 बसें चाहिए। 12 बसों में से एक बस यहां शिमला से भी चलनी है। एक हमने ऑलरेडी अनाऊंस की हुई है धर्मशाला से श्रीनगर के लिए । जैसे-जैसे बसें आती जाएगी your demand is always is on priority &

in agenda. Please don't say that I am discriminating. मेरी पूरी आस्था है ज्वाला जी माता में।

28.08.2015/1135/जेएस/डीसी/2

अध्यक्षः इस माननीय सदन में ऐसा लग रहा है कि आप वायदा सबसे करते हैं लेकिन बसें चलाते आप नगरोटा से ही है। सारे मैम्बर्ज कह रहे हैं कि आप बसें नगरोटा से ही चलाते हैं।

श्री किरनेश जंगः अध्यक्ष महोदय, पांवटा एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । मैं, माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि पांवटा से शिमला के लिए कोई वॉल्वो बस चलाने का प्रावधान है या नहीं?

खाद्य, नागरिक एवं आपूर्ति उपभोक्ता मामले मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, यह अभी तक इन्टर स्टेट में है मगर हम एयर कंडिशन्ड डीलक्स बसें with in State चलाने का प्रयास कर रहे हैं और नेक्स्ट स्टैप वही है कि with in State हम एयर कंडिशन्ड डीलक्स बसें ही चलाएंगे और आने वाले समय में हमारी जो महत्वकांक्षी योजना है ,50 वॉल्वो स्टेट और स्टेट के बाहर चलाएंगे। पहले तो दो ही वॉल्वो चलाई थी। उस समय भी इस सदन में मेरा क्रिटिसिज्म हुआ था और अब 30 वॉल्वो हो गई है। अब हमने 50 तक टारगेट रखा है कृपा करके इसको होने दो। ए.सी. डीलक्स पांवटा से दिल्ली को दे रखी है। इसको भी प्रायोरिटी में रखा है इसको भी कर देते हैं। Lets do it stepwise.

28.08.2015/1135/जेएस/डीसी/3

प्रश्न संख्याः 2391

श्रीमती सरवीन चौधरीः अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि जो मोर्च-गड़घूं सड़क है यह मेरी एम.एल.ए. प्रायोरिटी वर्ष 2009-10 की है। यह दिनांक 1.1.2010 से वन विभाग के डी.एफ.ओ. को इसकी प्रोपोज़ल भेज दी गई थी । इसका पहला प्रयास तब हुआ था। वर्ष 2012 में

आर.डी.एफ. 18 के तहत 3 करोड़ 74 लाख रूपया इसमें सेंक्शन भी हो गया था। लेकिन इतना ज्यादा प्रयास करने के बाद इस सड़क का दिनांक 21.1.2014 को फोरैस्ट केस रिजैक्ट हो गया। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि क्या कारण रहें ?जहां तक मेरा ध्यान है जो फोरैस्ट का सर्वे हमने करवाया था वह 1.1.2010 से चला था। जब केन्द्र से लोग इस्पैक्शन के लिए आए तो तो किसी दूसरे रूट पर उनको ले जाया गया। क्या डेलिब्रेटली इसको रिजैक्ट करने के लिए इस रूट को चेंज किया गया? क्योंकि वन विभाग में कुछ लोग हैं जो कि सरकार ने जोड़े हैं क्या उनके प्रयास से यह रिजैक्ट हुआ। दोबारा से फिर मैंने 20.5.2015 को जब मैंने बजट सैशन में यह प्रश्न उठाया था तब इसको मूव कर दिया गया था तो यह इसी प्रोसैस में न रहें क्योंकि यह बहुत पुरानी सड़क है।

श्री एस.एस. द्वारा जारी-------

28-08-2015/1140/SS-AG/1

प्रश्न संख्याः 2391 क्रमागत

श्रीमती सरवीन चौधरी क्रमागतः

क्या वन विभाग सीरियसली इसकी फॉरैस्ट क्लीयरैंस के ऊपर काम करेगा? इसके ऊपर उन्होंने काम नहीं किया। इसी प्रश्न में मैंने दो सड़कें और रखी हैं। एक ललेटा से बनु महादेव और दूसरी ठम्बा-ठेहड़-मनोह। इन सड़कों की मेरी 2012-13 की एम0एल0ए0 प्रायोरिटी है और इसमें वन विभाग ने कोई काम नहीं किया है और आज जब मैंने एक्सियन से पता किया तो उन्होंने बोला कि डी0सी0 को भेज दिया गया है, एस0डी0एम0 को भेज दिया गया है। यह डी0पी0आर0 के लिए भेजा गया है। मैंने पूछा कि कितने दिन पहले भेजा तो बोला कि लगभग 10 दिन पहले भेजा है। इसका मतलब यह हुआ कि जब मैंने प्रश्न दिया तो 10 दिनों के बीच में हलचल हुई है। मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि क्या फॉरैस्ट विभाग इन फॉरैस्ट क्लीयरैंसिज़ के लिए सीरियस है या नहीं?

डी0पी0आरज़0 बनाने के लिए सीरियस है या नहीं? क्या वे इस पर ऐक्शन लेंगे और तुरन्त आगे कार्रवाई करेंगे?

अध्यक्षः यह प्रश्न तो कल भी डिस्कस हुआ है।

मुख्य मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, ऐसा है कि माननीय सदस्या की जो ये तीन सड़कें हैं जिनका इन्होंने ज़िक्र किया है, कारण चाहे कुछ भी रहा हो इनकी फॉरैस्ट क्लीयरैंस अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। जब तक फॉरैस्ट क्लीयरैंस नहीं आयेगी तब तक उनका निर्माण करना सम्भव नहीं होगा। इस वक्त जो रिवाइज्ड प्रॅपोज़ल हैं वे बना दी गई हैं और डिप्टी कमिश्नर, कांगड़ा को भेज दी गई हैं तथा उनके द्वारा ये आगे फॉरैस्ट क्लीयरैंस के लिए भेजे जायेंगे। I appreciate your concern. I am sorry that there has been delay in this case. I will look into it personally to see all these formalities are cleared as soon as possible so that the work on these roads road starts.

प्रश्न समाप्त

28-08-2015/1140/SS-AG/2

प्रश्न संख्याः 2392

श्री रणधीर शर्माः अध्यक्ष महोदय, इस सूचना के मुताबिक प्रदेश में कुल 232 ऐसे औद्योगिक प्लाटस हैं जिन पर निर्धारित समयावधि में उद्योग नहीं लगे हैं और उनमें से मंत्री जी ने बताया कि 27 औद्योगिक प्लाटों में अन्य गतिविधियां चल रही हैं जबकि किसी भी औद्योगिक प्लाट को रिहायशी मकान में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो 205 औद्योगिक प्लाट बचे हैं इनका वर्तमान में क्या स्टेट्स है? क्या इनको रद्द कर दिया गया है? क्या विभाग ने इनको वापिस ले लिया है? जो इन्होंने कहा है कि 27 औद्योगिक प्लाटों में अन्य गतिविधियां चल रही हैं, मैंने विस्तृत ब्योरा मांगा था कि वह सूची भी आ जाए कि

उनके नाम क्या हैं। मंत्री जी ने वह सूची तो नहीं दी परन्तु क्या मंत्री जी वह सूची उपलब्ध करवायेंगे?

दूसरा, इन 27 प्लाटों में जहां उद्योग लगाने के बजाय अन्य गतिविधियां चल रही हैं उन पर अभी तक क्या कार्रवाई की गई या क्या कार्रवाई प्रस्तावित है?

तीसरा, इन्होंने कहा कि किसी भी औद्योगिक प्लाट को रिहायशी मकान में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। मुझे लगता है कि यह सूचना अधूरी है। बहुत से ऐसे इंडस्ट्रियल प्लाट प्रदेश में हैं जिन्हें रिहायशी मकान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसलिए क्या मंत्री जी इनका फिजीकल वैरिफिकेशन या सपॉट इंस्पैक्शन करवायेंगे ताकि वास्तविक स्थिति ध्यान में आये? ऐसे तो कोई बतायेगा नहीं कि मैं औद्योगिक प्लाट को रिहायशी मकान के रूप में इस्तेमाल कर रहा हूं। क्या उसकी इंस्पैक्शन करवा कर उसकी वास्तविकता का पता किया जायेगा? जो औद्योगिक क्षेत्रशः इनसे सूचना मांगी थी उसमें इन्होंने कहा है कि 15 परवाणु में, 9 बद्दी में और 3 काला अम्ब में औद्योगिक प्लाटस पर अन्य गतिविधियां चल रही हैं। मैं इनसे यह भी जानना चाहता हूं कि जो 26 औद्योगिक क्षेत्रों की सूची दी है क्या इनके अलावा भी ज़िला कांगड़ा में ज्वाली नाम का औद्योगिक क्षेत्र है जोकि इस सूची में नहीं है और वहां की क्या वास्तविक स्थिति है? कुल कितने प्लाटस हैं

28-08-2015/1140/SS-AG/3

उनमें से कितनों में उद्योग चल रहे हैं और कितनों में अन्य गतिविधियां चल रही हैं?

जारी श्रीमती के0एस0

28.08.2015/1145/केएस/एजी/1

प्रश्न संख्याः 2392 जारी----

उद्योग मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है उसके जवाब में काफी विस्तृत सूचना हमने इनको उपलब्ध करवाई है। इनका यह कहना कि सूचना सही नहीं है, मैं इनको बताना चाहूंगा कि इस पर डिपार्टमैंट ने काफी वर्क किया है सारे इंडस्ट्रियल एरियाज़ की हमने आपको डिटेल दी है और जहां तक इंडस्ट्रियल एरिया का सवाल है, दो साल के लिए हम पहले प्लॉट देते हैं और उसका मैक्सिमम एक्सटैंशन फिर पांच साल के लिए होता है जिसमें दो साल वह भी शामिल किए जाते हैं। तीन साल उसको इंडस्ट्री लगाने के लिए और दिए जाते हैं। जहां तक इन्होंने कहा कि इन इंडस्ट्रीज़ में कितनों को नोटिस दिए और कितने हमने रद्द किए हैं तो जून 2015 तक कुल आवंटित प्लॉट 2992 हैं जो उद्योग विभाग ने आज तक अलॉट किए हैं, 2374 उद्योग लगे हैं जिन पर इंडस्ट्री लग चुकी है। 55 मामले न्यायालय में किसी न किसी कारण से लम्बित है। 176 प्लॉट हमने रद्द कर दिए हैं और जिन पर उद्योग स्थापित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं वह 197 हैं। खाली प्लॉट हमारे पास 50 है और जिनको अब नोटिस दिए गए हैं, 86 हैं। जहां तक ज्वाली इंडस्ट्रियल एरिया का सवाल है, वहां वॉयलेशन कि हमें कोई सूचना नहीं है । कोई स्पैसिफिक कम्पलेंट आपके पास यदि हैं, जैसे आपने कहा कि लोगों ने रिहायशी मकान बनाए हुए हैं,सरकारी तौर पर तो ऐसी सूचना नहीं है लेकिन ऐसी धारणाएं कई दफा सुनने को मिल रही है कि लोगों ने कारखाना लगाया है और उसमें उन्होंने या अपना मैनेजर ठहरा दिया है या अपने स्टाफ के लोग ठहरा दिए हैं तो उसमें हम थोड़ा लीनियंट व्यू ले रहे हैं ताकि कारखाना चलता रहे । कोई स्पैसिफिक कम्पलेंट आपके पास हैं तो आप हमें बताएं लेकिन अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से हाऊस को बताना चाहता हूं कि ऐसे प्लॉट जिन्होंने पांच साल पूरे कर लिए हैं और कोई काम नहीं हुआ है, उनको तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा।

अध्यक्षः माननीय सदस्य स्पैसिफिक प्रश्न पूछिए।

28.08.2015/1145/केएस/एजी/2

श्री रणधीर शर्माः अध्यक्ष महोदय, प्रश्न तो स्पैसिफिक ही पूछा था पर सूचना कोई और दे दी है। मैंने कहा था कि ऐसी कितनी शिकायतें हैं कि रिहायशी मकान में इंडस्ट्रियल प्लॉट्स को यूज़ किया जाता है इन्होंने कहा शून्य। मैंने पूछा था कि क्या ये स्पॉट इन्स्पैक्शन करवाएंगें किन्तु उस सम्बन्ध में इन्होंने कोई आश्वासन नहीं दिया। दूसरा जो इन्होंने 197 के बारे में कहा कि प्रोसैस में हैं तो क्या ये एक्सटैंशन के बाद प्रोसैस में हैं या इनके अभी पाच साल पूरे नहीं हुए? इसकी भी जानकारी दें और दूसरा इन्होंने ज्वाली के बारे में कहा कि ऐसी कोई सूचना नहीं है। तो ज्वाली को इस लिस्ट से बाहर क्यों रखा गया? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या ज्वाली औद्योगिक क्षेत्र की कोई शिकायत प्रिंसिपल सैक्रेटरी, उद्योग या डायरैक्टर, उद्योग के पास पहुंची थी कि वहां पर एक प्लॉट नं0-2 किसी राजनीतिज्ञ के नाम है और पांच साल से ज्यादा हो गए हैं और वहां पर उद्योग लगने की बजाय अन्य गतिविधियां चल रही हैं, किराये पर दिया गया है? क्या यह शिकायत विभाग के पास पहुंची थी? अगर पहुंची थी, तो विभाग ने क्या कार्रवाई की? विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाएं।

उद्योग मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, मैं तो समझ रहा था कि ये ग्वालथाई के बारे में चर्चा करेंगें लेकिन ये आ गए ज्वाली की तरफ को तो मैं इनको आश्वासन देना चाहूंगा कि जिस प्लॉट की आप बात कर रहे हैं, उसकी पड़ताल करवाकर मैं आपको रिपोर्ट दूंगा।

श्री रणधीर शर्माः अध्यक्ष महोदय, इस शिकायत को आए कम से कम एक साल हो गया है ।

अध्यक्षः माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि आपको पता करके बता दूंगा।

श्री रणधीर शर्माः अध्यक्ष जी, ये बताएं तो सही कि 6 महीने में कुछ तो जांच हुई होगी। शिकायत आई या नहीं आई, क्या जांच हुई?

28.08.2015/1145/केएस/एजी/3

उद्योग मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, मुझे तो इन्होंने अभी एक मिनट पहले बताया है । अगर विभाग के पास कोई शिकायत आई होगी तो मैं उसका पता करवा करके आपको बता दूंगा । मैंने आपको हाऊस के माध्यम से आश्वासन दिया है ,आपको मैं यह कह रहा हूं कि इसी सत्र के दौरान जो कि 31 तारीख को समाप्त हो रहा है, उससे पहले आपको बता दूंगा।

अध्यक्ष श्रीमती अ0व0 द्वारा---

28.8.2015/1150/av/as/1

प्रश्न संख्या :2392 ---------- क्रमागत

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, अब आप क्या पूछना चाह रहे हैं? मंत्री जी ने आपको आश्वासन दे दिया है कि इसी सत्र के समाप्त होने से पहले आपको सूचना दे देंगे।

श्री रणधीर शर्मा : यह प्रश्न मैंने अभी नहीं पूछा है, पहले पूछा हुआ है। आपने जानबूझकर सच्चाई को छुपाकर ज्वाली को बाहर रखा है तथा उसकी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं।

अध्यक्ष : जब मंत्री जी ने कह दिया है कि आपको सूचना मिल जायेगी तो आपको कैसे पता चला कि इन्होंने जानबूझकर किया है?

उद्योग मंत्री : अध्यक्ष महोदय, यह बात वहां पर हो सकती है मगर मेरा ज्वाली इण्डस्ट्रियल एरिया से कुछ लेना-देना नहीं है। मैंने आपको कह दिया है कि आज 28 तारीख है और मैं 31 तारीख से पहले-पहले यानि इस सत्र के समाप्त होने से पहले आपको यह सूचना दे दूंगा। आपने यह प्रश्न अभी रेज़ किया है और इस सत्र का अभी एक दिन शेष रहता है। आपको इस बारे में 31 अगस्त से पहले बता देंगे।

श्री अजय महाजन : अध्यक्ष महोदय, नंगलान इण्डस्ट्रियल एरिया नूरपुर विधान सभा क्षेत्र के तहत पड़ता है। वहां एक इण्डस्ट्रियल हाऊस है जिसमें 35 प्लॉट हैं।

इसी मान्य सदन के अंदर दो-तीन सत्र पहले मंत्री जी ने मुझे आश्वासन दिया था कि या तो वह फैक्टरी लगे और अगर नहीं लगती है तो उसको कैंसिल किया जायेगा ताकि वहां पर और उद्योग लग सके। क्या माननीय मंत्री जी इसको कैंसिल करने का आश्वासन देंगे या वहां पर वह युनिट लग जायेगा?

उद्योग मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैंने सदन में कहा है कि पांच साल से जिन्होंने प्लॉट ले रखे हैं और वहां बिल्कुल काम नहीं किया है तो उनको रद्द कर दिया जायेगा। उस परिधि के अंदर अगर यह इण्डस्ट्री भी आती होगी तो उसको रद्द कर दिया जायेगा। वैसे मैं खुद इस इण्डस्ट्रियल एरिया का विजिट करके आया

28.8.2015/1150/av/as/2

हूं। एक व्यक्ति विशेष को 35 प्लॉट्स कैसे मिल गये, यह भी एक जांच का विषय है।

समाप्त

28.8.2015/1150/av/as/3

प्रश्न संख्या : 2393

श्री राकेश कालिया : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जो बाकी विधान सभा क्षेत्रों के मुकाबले डिफ्रैंस है; आप बहुत न्यायप्रिय है। मैं आपसे आश्वासन चाहता हूं कि यह डिफ्रैंस पूरा कर लिया जायेगा? मेरे विधान सभा क्षेत्र में ज्यादा बरसात होने के कारण सड़कों की हालत ठीक नहीं है। कहीं पर 8-9 किलोमीटर सड़क बन चुकी है, कहीं पर 5 किलोमीटर बन चुकी है। मगर गगरेट में कम बनी है इसलिए मैं आपसे वहां के लिए आश्वासन चाहता हूं।

मुख्य मंत्री : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा था मैंने उसके बारे में उत्तर दे दिया है। उसके अतिरिक्त since 10.4.2015, 19 new roads

have been constructed in Una district. उसके बाद 19 और सड़कें बनाई गई है जिसमें से हरोली में 6 सड़कें बनाई गई है जिसकी लैंथ 4.5 किलोमीटर है , ऊना में 1 सड़क बनाई गई है और उसकी लैंथ 0.300 मीटर है। चिन्तपूर्णि में 4 सड़कें हैं जिसकी लैंथ 8.875 किलोमीटर है, गगरेट में 3 सड़कें हैं जिसकी लैंथ 1.900 किलोमीटर और कुटलैहड़ में 5 सड़कें हैं जिसकी लैंथ 5.755 किलोमीटर है। ये कुल 19 सड़कें हैं और इनकी टोटल लैंथ 21.330 किलोमीटर है। During the current year periodic renewal भी हो रहा है। Target of Una district is 119.00 km जिसमें से अब तक 98. 160किलोमीटर लैंथ का टारगेट अचीव हुआ है ----------

श्री टी सी द्वारा जारी

28.08.2015/1155/TCV/AS/1

प्रश्न संख्याः ----2393 क्रमागत

मुख्य मंत्री --- क्रमागत।

इसमें अब तक 98.160 किलोमीटर का काम हो चुका है। यदि आप साल का ब्यौरा लेगें तो सभी में बराबर काम हुआ है और जो बरसात से नुकसान हुआ है, उसके लिए भी जोर-शोर से काम किया जाएगा। बरसात से हुए नुकसान की पूर्ति के लिए अलग से फण्ड पी0डब्ल्यू0डी0 को दिया जा रहा है।

श्री राकेश कालिया :अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री जी से एक और बात जानना चाहता हूँ कि आपने नेशनल हाईवे सारे बना दिए है, ऊना से सुमारपुर तक भी बन चुका है। लेकिन जो एन0एम0टी0 रोड़ है यह दो स्टेटस को जोड़ता है। यह पूरी तरह टूट चुका है तो क्या आप इसको शीघ्रातिशीघ्र बनाने के आदेश देंगे? कांगड़ा के जितने भी माननीय सदस्य है, चाहे पठानियां साहब है सभी के क्षेत्र में सड़कें टूटी हैं। इसके अतिरिक्त मेरे विधान सभा क्षेत्र का 20 किलोमीटर का रोड़ गायब है। माननीय सदस्य अजय महाजन जी व नीरज भारती जी भी

उसी रोड़ से ट्रेवल करते हैं। मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से आश्वासन चाहूँगा कि इस रोड़ को शीघ्रातिशीघ्र ठीक किया जाये या फिर यह मामला इन्टर स्टेट कनेक्टिविटी के माध्यम से सेंट्रल गर्वनमेंट को भेजा जाये ।

मुख्य मंत्रीः सर, मैंने इनका प्रश्न नोट कर लिया है और पूरी जानकारी व तथ्य प्राप्त करके सूचना इनको भेज दूगां ।

प्रश्न समाप्त

28.08.2015/1155/TCV/AS/2

प्रश्न संख्याः 2394

श्री कृष्ण लाल ठाकुरः अध्यक्ष महोदय, जो सूचना सभापटल पर रखी गई है वह ठीक नहीं है, फेक है। स्पेसीफिक नहीं है। जैसे इसके 'ए' पार्ट में बताया गया है कि लैण्ड स्लेक्ट कर दी है और मैंने लैंड की ऑनरशिप के बार में भी पूछा था। इसमें बताया गया है कि honourship is of the Government. लेकिन अध्यक्ष महोदय मैं सपेसीफिक प्रश्न पूछना चाहता हूँ कि इसकी ऑनरशिप कौन से डिर्पाटमेंट के पास है ,क्या रेवन्यू, आई0टी0 या उद्योग विभाग के पास है? क्योंकि मेरे मुताबिक यह लैंड आई0टी0 डिर्माटमैंट की है। इसके 'सी' पार्ट में बताया गया है-The setting up of Biotechnology Park will depend upon various factors such as type of interested investors, business model and overall market conditions. मुझे लगता है कि इसमें इनिशियेटिव/परसूऐशन गर्वनमैंट ने कुछ नहीं लिया है तो मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या परसूऐशन से यहां इण्डैस्ट्रिज़ को लगाया जाएगा? वरना इसका वही हाल होगा जो धबोटा इण्डैस्ट्रियल ऐरियाज़ का हुआ है। तीन इण्डैस्ट्रियल ऐरियाज़ अनाऊँस हुए थे, धबोटा ,पंडोगा और कंद्रोवी । इसमें दो हो चुके हैं और धबोटा अभी तक पेंडिग है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि धबोटा कब तक होगा और क्या उसमें भी सेम इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा जो अन्य इण्डैस्ट्रियल ऐरियाज़ में हैं । ऐसा न हो कि ये इन्वेस्टर के हाल पर छोड़ दिया जाये और जैसे

बी0बी0एन0 एरिया में हेफेज़र्ड डवैल्पमेंट हुई है, वैसी ही यहां पर भी हो जाये। इसका भी मैं माननीय मंत्री से आश्वासन चाहुँगा ।

उद्योग मंत्री : माननीय अध्यक्ष महोदय, ये जो बी0टी0 पार्क इनके विधान सभा क्षेत्र के तहत है, यह लगभग 39 करोड़ की लागत से पी0पी0पी0 मोड़ पर बनना था। इसके लिए सेंटर गवर्नमेंट द्वारा 9 करोड़ रूपये और स्टेट गवर्नमेंट ने 7.54 करोड़ रूपये शेयर के रूप में देना थे। इसमें प्राईवेट इन्वेस्टर का 22.11 करोड़ रूपये का शेयर था। मार्च 2005 में इस बारे में फैसला हुआ था कि बी0टी 0पार्क बनाना है। उसके बाद भी इसके लिए लगातार प्रयास चलते रहे, इसमें कन्सल्टैंट बगैरह भी

28.08.2015/1155/TCV/AS/3

अपाँट हुए। लेकिन वास्तविकता यह है कि इस इलाके में बी0टी0 पार्क के लिए न तो किसी इन्वेस्टर ने इन्ट्रेस्ट दिखाया है,सेंटर ने कोई शेयर दिया है और न ही इसकी लैंड ट्रांस्फर हुई है। 2010 में तत्कालीन सरकार ने यह फैसला किया था कि इसको परस्यू किया जाये और इसको बनाने का प्रयास किया जाये। उन प्रयासों के बावजूद भी यहां पर किसी ने इन्ट्रेस्ट नहीं दिखाया है। न हमारे पास ज़मीन हैं और न हमारे पास इसके लिए पैसा है। अब केन्द्र में आपकी सरकार है, आप केन्द्र में जायें और वहां से इसके लिए फण्डज़ ----

श्रीमती एन0एस0 ----जारी

28.08.2015/1200/NS/DC/1

उद्योग मंत्री-----क्रमागत।

आप केंद्र में जाएं और वहां से फंडज़ को रिलीज करवाएं और इसको सैंकशन करवाएं (-व्यवधान-) नहीं अब हम तो प्रयास कर चुके हैं। 10 साल हो चुके हैं। ऐसा नहीं है। आप क्या करेंगे? आप भी तो कोई मदद करेंगे। स्थानीय विधायक भी तो कोई प्रयास करे। इसको 10 साल हो चुके हैं और हमारे पास उद्योग विभाग (--

-व्यवधान---) सुनो पहले तो प्रश्न आपने बी.टी.पार्क का किया है। पहले आप बी.टी.पार्क की करें। बी.टी.पार्क के लिए केंद्र ने पैसा देना था। केंद्र का पैसा नहीं आया है। 2005 से लेकर दस साल हो गए और आपकी सरकार के समय में भी निरंतर प्रयास हुए हैं। जब इसका कोई पैसा ही नहीं आया तो उद्योग विभाग तो उस स्थिति में बनाएगा जब हमें कोई पैसा आएगा। हमारे पास तो कुछ है ही नहीं । ऐसा है अगर आप सदन में आश्वासन चाहते हैं तो मैं आपको आश्वासन कैसे दे दूं जब हमारे पास पैसा ही नहीं आया। इस पार्क को लेकर कोई पैसा नहीं आया।

अध्यक्षः माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि जब पैसा ही नहीं आया तो काम शुरू नहीं हुआ। आप सारे एक साथ मत बोलो। आप अपना प्रशन अलग कीजिए। माननीय मंत्री जी को बोलने दीजिए। इनका मतलब ही समझ नहीं आ रहा है।

श्री कृष्ण लाल ठाकुरः सर, दबोटा को बताया जाए उसका आश्वासन दिया जाए कि उसको बनाएंगे कि ऐसे ही छोड़ देंगे।

अध्यक्षः माननीय मंत्री जी तो तैयार हो रहे हैं।

उद्योग मंत्रीः कंदरोड़ी और पंडोगा एरियाज़ के लिए फोरैस्ट क्लीयरैंस व पैसा केंद्र से आया है। इसलिए उनको हम शुरू कर रहे हैं। एक का 122 करोड़ रूपया है और दूसरे का 106 करोड़ रूपया है। (--व्यवधान--) और नहीं स्टेट का भी शेयर है सेंटर भी उसमें यह यू.पी.ए. सरकार के समय में सैंक्शन हुआ था यह भी मैं आपको बता दूं।

28.08.2015/1200/NS/DC/2

ये दोनों एरियाज़ उस समय सैंक्शन हुए जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। अब केंद्र में आपकी सरकार है दबोटा के लिए पैसा दिला दो।

श्री रविन्द्र सिंहः माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने यहां पर बड़ा विस्तृत उत्तर देने की यहां पर कोशिश की है लेकिन साथ में ही सदन को गुमराह कर रहे हैं। इस पार्क के लिए 2005 से लेकर 10 साल हो गए। क्या सरकार इस बी.टी.

पार्क जो नालागढ़ दबोटा में बनना है इसको नए सिरे से टेकअप करके फिर भारत सरकार को सबमिट करेगी? क्या हिमाचल प्रदेश सरकार जल्दी से इस प्रोजैक्ट को बनाकर नए सिरे से डी.पी.आर. बनाकर भारत सरकार को सबमिट करेगी।

उद्योग मंत्री : अध्यक्ष महोदय, इसमें सारा प्रोसैस हुआ। भाजपा सरकार के समय इसमें कन्सैलटेंट अप्याईंट हुए। किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखायी तो उसमें अब क्या किया जा सकता है।

(प्रश्न काल समाप्त)

28.08.2015/1200/NS/DC/3

कागजात सभा पटल पर

अध्यक्ष : अब माननीय मुख्य मंत्री कुछ कागज़ात सभा पटल पर रखेंगे।

मुख्य मंत्री: अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से कुछ दस्तावेजों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं जो कि निम्न प्रकार से हैं:-

(i) जल (प्रदूषण का नियन्त्रण एवं निवारण), अधिनियम, 1974 की धारा 40 (7) तथा वायु (प्रदूषण का नियन्त्रण एवं निवारण), अधिनियम, 1981 की धारा 36 (7)के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के वार्षिक लेखे वर्ष 2013-14 (विलम्ब के कारणों सहित);

(ii) हिमाचल प्रदेश लोकायुक्त अधिनियम, 1983 की धारा 12(5) के अन्तर्गत लोकायुक्त, हिमाचल प्रदेश का 28वां वार्षिक संकलित प्रतिवेदन, वर्ष 2014; और

(iii) भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, वरिष्ठ पर्यावरण अधिकारी, वर्ग-I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2015 जोकि अधिसूचना संख्या:एसटीई-बी(3)-6/2010 दिनांक 18.04.2015 द्वारा अधिसूचित तथा शासकीय राजपत्र में दिनांक 20.06.2015 को प्रकाशित;

28.08.2015/1200/NS/DC/4

अध्यक्ष : अब माननीय बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री कुछ कागजात सभा पटल पर रखेंगे।

बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से कुछ कागजात सभा पटल पर रखता हूं जो कि निम्न प्रकार से हैं:-

(i) संस्था पंजीकरण अधिनियम,1860 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत विभाग का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन, वर्ष 2014-15; और

(ii) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2013-14 ।

श्री नेगी द्वारा-------- जारी

28.08.2015/1205/negi/Dc/1

Hon'ble Speaker: What do you (Shri Govind Singh Thakur) want to say? There cannot be any Point of Order in Question Hour. Question Hour is finished now. (interruption) Point of Order in the Question Hour

cannot be taken. (Interruption) I will not entertain any Point of Order on any question. (interruption) Let me understand what is there in the Point of Order.

श्री गोविन्द्र सिंह ठाकुर: सर, संजौली कॉलेज़ में....(व्यवधान)...

Speaker: This is not to be taken. No, no. Not at all. What you are going to speak, I have no information about that. (interruption) I will send for the report from the Government, then I will decide what is to be done. Let me have a report from the Government please. If I don't know any matter then how can I take up the matter. I cannot take up the subject when I don't know about it. Let the report from the Government come. (interruption). The papers are with you and not with me. I have got no papers with me. We will send for the report from the Government which you are asking. We will also send for the comments from the Government. (interruption) No subject cannot be taken off hand. (interruption) Speaker cannot take anything off-hand. (interruption)

श्री रविन्द्र सिंह : कॉलिंग अटेंशन का नोटिस 3 दिन पहले दिया है और आज चौथा दिन है। एक तरफा कार्रवाई हो रही है। एक डिग्री कॉलेज़ का प्रिंसीपल वहां की छात्रा को बालों से पकड़ता है। ...(व्यवधान)....

Speaker: That is not the Question. (interruption)

(विपक्ष के सभी सदस्य खड़े हो कर नारेबाजी करने लगे)

28.08.2015/1205/negi/Dc/2

मुख्य मंत्री : यह बिल्कुल झूठ है। आपको शर्म आनी चाहिए कि आपके ए.बी.वी.पी. के विद्यार्थियों ने प्रिंसीपल को पीटा, उसकी बीबी को पीटा और लॉ-लैसनेस की है। They deserve to be punished. You should be ashamed of that. ...(व्यवधान)...

(सत्तापक्ष के सभी सदस्य भी खड़े हो करके नारेबाजी करने लगे)

आप गुंडागर्दी का समर्थन कर रहे हैं। (interruption) Yes, you are doing it. ____(interruption)____ आप गुंडागर्दी का समर्थन कर रहे हैं। ...(व्यवधान) ...आप गंडागर्दी का समर्थन कर रहे हैं। I can tell you this Government will maintain law and order and take action against the *gundas*. Law will prevail. कानून की रक्षा होगी। Law will prevail and all those people who attacked the Government College at Sanjauli; attacked the Principal, his wife and other teachers they will be punished. _____(interruption)___ आप कृपा करके गुंडागर्दी का समर्थन मत कीजिए। Please don't do it. _____(interruption)_____ हां, गुंडागर्दी नहीं चलेगी। गुंडों के साथ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ____(interruption)____

(विपक्ष के सभी सदस्यों द्वारा नारेबाजी) (***)

आपकी गुंडागर्दी नहीं चलेगी। आपको शर्म आनी चाहिए। आप गुंडागर्दी का समर्थन कर रहे हैं। ...(व्यवधान) ...You should be ashamed of that. Law will take its own course. ...(व्यवधान).. जो गुंडागर्दी का समर्थन करते हैं, वे इस प्रदेश के अन्दर गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहे हैं। आपको शर्म आनी चाहिए। .....(व्यवधान).... You show something._____(interruption)____ बिल्कुल हम आपसे सहमत हैं कि गुंडागर्दी नहीं चलेगी। जो गुंड़े हैं जिन्होंने प्रिंसीपल को पीटा, उनकी वाईफ को पीटा और स्टॉफ को पीटा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। They will not only

***अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाला गया।

28.08.2015/1205/negi/Dc/3

be punished but will be punished rusticated from the University.

अध्यक्षः मंत्री महोदय, आप पढ़िये।....(व्यवधान)... मंत्री जी, पढ़िए आप।...प्लीज-प्लीज़। मंत्री जी आप अपना पढ़िये।.....(व्यवधान)....

मुख्य मंत्री : मैं नोट कर रहा हूं कि कौन गुंडों का समर्थन कर रहे हैं।

श्रीमती यू.के.द्वारा जारी.....

28.08.2015//1210यूके/एजी/1

व्यवधान के पश्चात्---

मुख्य मंत्रीः जो गुंडागर्दी कर का समर्थन कर रहे हैं वे खुद गुंडे हैं, गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहे हैं । (व्यवधान)

अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप बोलें । (व्यवधान)

(**विपक्ष द्वारा नारेबाजी होती रही**)

मुख्य मंत्रीः सुनिए, सरकार चलेगी लेकिन गुंडागर्दी नहीं चलेगी ।

मुख्य मंत्रीः मै नोट कर रहा हूं कि कौन गुंडों का समर्थन कर रहे हैं, जो गुंडों का समर्थन कर रहे हैं, वे गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहे हैं । (व्यवधान)

(**विपक्ष द्वारा नारेबाजी जारी रही**)

अध्यक्षः माननीय मंत्री जी, आप बोलें ।

बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित कागज़ात सभा पटल पर रखता हूं

(iii) संस्था पंजीकरण अधिनियम,1860 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश
सरकार अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत विभाग का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन, वर्ष 2014-15; और

